सार-समाचार

साइकिलिंग प्रतियोगिता आयोजित

रावतभाटा, (निसं)। 67 वें राज्य स्तरीय साइकिलिंग 17 व 19 आयु वर्ग छात्र-छात्रा ट्रैक प्रतियोगिता में गुरूवार को चित्तौडगढ जिले की तनीषा वैष्णव श्रीपुरा ने 3 किलोमीटर इंडिविजुअल में ब्रांच मेडल प्राप्त किया तथा चित्तौडगढ़ जिले को राज्य स्तर पर दूसरा मेडल दिलवाया। वहीं 17 व 19 वर्ष छात्रों ने टीम स्प्रिंट में फाइनल में प्रवेश किया। षुक्रवार को टीम स्प्रिंट के 17 व 19 वर्ष छात्र फाइनल मुकाबले में 17 वर्ष छात्रों में लखन सिंह गौड, राज बैरागी परमेश धाकड ने बीकानेर अकादमी से मुकाबला किया। जिसमें चित्तौडगढ़ टीम चतुर्थ स्थान पर रही। वहीं 19 वर्ष छात्रों में लोकेंद्र सिंह गौड, मुकेश भील, रामकिशन भील का टीम स्प्रिंट का मुकाबला फाइनल में बालोतरा से हुआ, जिसमें चित्तौडगढ़ टीम चतुर्थ स्थान पर रही। निर्णायक अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चित्तौड़ टीम के साथ 17 व 19 वर्ष छात्रा के साथ टीम प्रभारी अमीता शर्मा एवं छात्र टीम के साथ टीम प्रभारी गौरव सिंह डागुर एवं प्रशिक्षक श्याम लाल माली रहे।

मातृ सम्मेलन आयोजित

रावतभाटा, (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर झालरबावड़ी चारभुजा में शुक्रवार को मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य सीमा व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य अतिथि निर्मला सिंह गौर, कार्यक्रम अध्यक्ष मनीषा जोशी, विशिष्ट अतिथि सुमन मित्तल ने मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें चेयर रेस, रस्साकसी, गोपाल जी सजाओ, वेस्ट से बेस्ट बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। चेयर रेस में प्रथम अनु राठौर, द्वितीयविद्या देवी व तृतीय दीपिका रही। लड्डू गोपाल जी सजाओ में प्रथम स्थान पर अंजू राघव, द्वितीय स्थान पर जनता बाई, तृतीय स्थान पर लक्ष्मीबाई रही। वेस्ट से बेस्ट बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम संतोष प्रजापत, द्वितीय लक्ष्मी, तृतीय अनीता राघव रही। रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में स्वाति, सुमित्रा गुर्जर, रजनी सेन, लक्ष्मी, रुकमा, टीना, सुमन, अमृता, नीतू, ममता राठौर रही। बौद्धिक वक्ता निर्मला गौर ने कहा की माता को बच्चों का लालन-पालन कैसे करें, वह किस प्रकार के संस्कार बच्चों में दे क्योंकि बालक की प्रथम गुरु मां होती है, इस विषय पर जानकारी दी गई। आभार प्रबंध समिति महिला प्रतिनिधि प्रमिला पुरोहित ने सभी का आभार व्श्क्त किया। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अंतर्गत सुशीला मोहनपुरिया, शीला शर्मा, कम्मू पारीक, शालिनी, पदमा सोनी, गुलाब कवर, शीला शर्मा, रेखा शर्मा, दीपाली सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन बृजेश वैष्णव ने किया।

बीमारियों से बचाव की जानकारी दी

रावतभाटा, (निसं)। हमारा स्वास्थ्य हमारी जिम्मेदारी अभियान का द्वितीया चरण 7 अगस्त से चलाया जा रहा है। जिसमे मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों की पालना मुख्य रूप से मौसमी बीमारियो में द्वारा बचाव हेतु एन्टी लार्वा, एन्टी एडल्ट, सोर्स रिडक्शन, आई, कई पी गतिविधियां की जा रही है। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल जाटव ने जानकारी देते हुए बताया कि उपखण्ड क्षेत्र में कुल 67 टीमें बनाकर घर-घर सर्वे कराया जा रहा है। प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अब तक कुल पच्चीस हजार उनहत्तर घरो का सर्वे किया जा चुका है। जिसमे एक हजार उनसाठ घरो में लावी पाया गया। जिसका मौके पर ही उपचारित किया गया एवं इस दौरान कुल बुरका बुखार के रोगी मिले। स्कूल की जाँच की ग एवं दवा देकर लाज किया गया। इस वर्ष स्कूबटायफान का रोगी की परिपोर्ट मेडिकल कॉलेज कोटा से प्राप्त हुई थी जिसका उपचार किया गया। नगरपालिका के सहयोग से क्षेत्र में लगातार फोगिंग भी करवाई जा रही है। फील्ड में सभी टीमे लगातार सर्वे कर रही है तथा आमजन को जागरूक भी किया जा रहा है।

चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

रावतभाटा, (निसं)। मानव मंदिर सुंदरकांड कमेटी और राजस्थान ब्राह्मण महासभा के संयुक्त तत्वावधान में गणेश महोत्सव के उपलक्ष में रविवार को दोपहर 3 बजे बच्चों के चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। राजस्थान ब्राह्मण महासभा की महिला जिला अध्यक्ष वंदना शर्मा एवं मानव मंदिर सुंदरकांड कमेटी की सचिव निरंजन त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को चित्रकला प्रतियोगिता और छप्पन भोग का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। मानव मंदिर सुंदरकांड के प्रवक्ता राम गोपाल विजय ने बताया कि महिलाओं की फ्रेंडली गणेश बनाओ प्रतियोगिता का भी आयोजित की गई है। जिसमें मुख्य अतिथि राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नरोत्तम जोशी, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता पालीवाल, माधुरी चतुर्वेदी, तहसील महिला अध्यक्ष रेखा शर्मा, नूतन गौड, रानू सोलंकी सहित कई महिलाएं उपस्थित थी।

एस.डी.एम. को ज्ञापन दिया

रावतभाटा, (निसं)। नगर पालिका रावतभाटा से मनोनित पार्षद संदीप लोट ने शुक्रवार को एसडीएम दीपक सिंह खटाना को रावतभाटा को जिला बनाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत ज्ञापन दिया गया।। पार्षद संदीप लोट ने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक राजेंद्र सिंह बिधूडी की रावतभाटा को जिला बनाने की मुहिम के अनुसरण में जन प्रतिनिधियों द्वारा पालिका अध्यक्ष दीपिका तिल्लनी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम दिए जा रहे ज्ञापन के क्रम में मुख्यमंत्री के नाम रावतभाटा को जिला बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा। जोकी रावतभाटा के विकास की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुनीता मीणा, इका अध्यक्ष हनुमान मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष संजय हाडा, भीमराव सोनवे मौजूद रहे।

चारण बस्ती में जनसंपर्क किया

रावतभाटा, (निसं)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में मनाई जा रहे सेवा पखवाडे के अंतर्गत शुक्रवार को चारण बस्ती में जनसंपर्क किया गया। जिसमें सभी को मौसमी बीमारियों से बचने के उपाय बताए गये। आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी दी गई। 25 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री जयपुर में परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में आ रहे हैं, जिसके लिए सभी को चलने के लिए आमंत्रित किया गया और सबको पीले चावल दिए गये। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष मंजूलता जंगम, पूर्व चेयरमेन राजकुमार वाधवा, प्रभारी पार्षद डॉ तन्वी शर्मा, पूर्व पार्षद कान्हा राम चारण, आयुष्मान कार्ड के प्रभारी पार्षद मनीष गिरी, उपाध्यक्ष आर.डी. शर्मा, मनोज वर्मा, मनोज मेहरा, लखन दत्त शर्मा, पूर्व पार्षद रूपकला पारेता, बब्बल, रामप्रसाद मौजूद रहे।

आज यहां बिजली बंद रहेगी

रावतभाटा, (निसं)। अजमेर विघुत वितरण निगम लिमिटेड रावतभाटा के अभियंता महावीर बैंसला ने जानकारी देते हुए बताया की शनिवार को 132 केवी जीएसएस बाड़ोलीयां पर मरम्मत कार्य के कारण प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक 33/11 केवी जीएसएस भैंसरोडगढ़, लोटियाना, बोराव व केशरपुरा के सभी 11 केवी फ़ीडर्स एवं डीजल पावर हाउस से 11 केवी मंडेसरा फ़ीडर तथा 33/11 केवी जीएसएस झालरबावडी की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

शपथ ग्रहण समारोह आज

छबड़ा (निसं)। ग्रेन मर्चेंट एसोसिएषन के तत्वावधान में गुरूवार को निर्विरोध निर्वाचित हुए अध्यक्ष किशन कालरा व महामंत्री पुनीत गालव का षपथ ग्रहण समारोह शनिवार को दोपहर साढ़े तीन बजे राधाकृष्ण मंदिर पर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी अध्यक्ष किशन कालरा ने दी हैं।

ऑल इंडिया ऑनलाइन स्ट्रे वेकन्सी राउंड काउंसलिंग शुरू

■ सीट मैट्रिक्स जारी, चॉइस फिलिंग 22 सितंबर से 24 सितम्बर 2023 तक

कोटा, (निसं)। एमसीसी ने अपने आधिकारिक पोर्टल पर अखिल भारतीय कोटे की एमबीबीएस एवं बीडीएस सीट मैट्रिक्स भी शुक्रवार दोपहर को जारी कर दी। इसके साथ ही एमसीसी द्वारा ऑल इंडिया ऑनलाइन स्ट्रे वेकन्सी राउंड काउंसलिंग भी शुरू हो गई।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा ने बताया कि ऑनलाइन स्ट्रे वेकन्सी राउंड की सीट मैट्रिक्स क्लियर वेकन्सी के रूप मे दर्शाई गयी है काउंसलिंग क्लियर वेकन्सी सीट मैट्रिक्स कैटेगरी के अनुसार जारी की गई है, इसमें एमबीबीएस की सरकारी क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज की 872 एमबीबीएस सीटें तथा डेंटल कॉलेज की 272 बीडीएस सीटों की घोषणा की गई है। इसमें एआईआईएमएस (एम्स) की 27 एमबीबीएस की सीटें भी शामिल है तथा डीम्ड क्षेत्र के मेडिकल कॉलेजों की एमबीबीएस 680 सीटें, जिसमें एनआरआई कोटे की अतिरिक्त 41 एमबीबीएस सीटें तथा डीम्ड क्षेत्र के डेंटल कॉलेजों की बीडीएस की 285 सीटें एवं एनआरआई कोटे की अतिरिक्त 76 सीटें भी शामिल हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी की आंतरिक कोटा क्लियर वेकन्सी सीट के अंतर्गत 2 एमबीबीएस तथा 8 डेंटल सीट्स, इन्द्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी की 10 डेंटल सीट्स भी इसी काउंसलिंग के माध्यम से भरी जाएगा। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की एमबीबीएस की 1 तथा 15 डेंटल सीट्स तथा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की 3 एमबीबीएस तथा 3 डेंटल सीटें उपलब्ध है। जिप्मेर कराईकल कैंपस की 13 एमबीबीएस सीट्स उपलब्ध हैं। इसी प्रकार म्प्ब् मेडिकल कॉलेज की 2 एमबीबीएस सीट्स जो की म्प्ब् कार्ड होल्डर्स के बच्चों के लिए आरक्षित है वो भी इसी काउंसलिंग के माध्यम से भरी जाएँगी, बीएससी नर्सिंग होनोर्स की अखिल भारतीय कोटे मे 100 सीट्स भी इसी काउंसलिंग के माध्यम से भरी जाएगी। पारिजात मिश्रा ने बताया कि सीट मैट्रिक्स जारी करने के साथ ही च्वाइस फिलिंग का प्रोसेस भी शुरू हो गया है जो कि 22 सितम्बर से 24 सितंबर के मध्य चलेगा। अतः विद्यार्थी अपनी इच्छित च्वाइस भरते समय संबंधित कॉलेज की फीस का अवलोकन भी जरूर करें।

सभी च्वाइस ध्यानपूर्वक भरने के बाद ही च्वाइस को लॉक करें, क्योंकि एक बार च्वाइस सबमिट होने के बाद इसमें कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। विद्यार्थियों द्वारा 24 सितम्बर तक च्वाइस भरकर लॉक किया जा सकता है। 24 सितम्बर रात्रि 11.55 बजे तक च्वाइस लॉक नहीं करने की स्थिति में सभी च्वाइस ऑटो लॉक हो जाएगी। स्ट्रे वेकन्सी राउंड के सीट अलॉटमेंट की सूचना 26 सितम्बर को जारी की जाएगी तथा कैंडिडेट्स ऑनलाइन अलॉटमेंट लेटर प्रिंट भी कर सकेंगे। अलॉटमेंट जारी होने के बाद विद्यार्थियों 27 सितम्बर से 30 सितंबर के मध्य अलॉटेड मेडिकल कॉलेज में ओरिजिनल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थिति देनी होगी। यहां मूल प्रमाण पत्रों के साथ दो सेट स्वप्रमाणित फोटोकॉपी तथा फीस का शुल्क भी जमा कराना होगा।

पारिजात मिश्रा ने बताया इस स्ट्रे वेकन्सी राउंड मे सीट अलॉटमेंट के पश्चात अब कोई फ्री एग्जिट या एग्जिट विथ फोर फिटर का ऑप्शन भी नहीं हैं। स्ट्रे वेकन्सी राउंड में सीट अलॉटमेंट के पश्चात यदि कोई कैंडिडेट अपनी अलॉटेड सीट को ज्वाइन नहीं करता है तो वह अगले वर्ष भी एमसीसी ऑल इंडिया कोटे की एमबीबीएस एवं बीडीएस तथा बीएससी नर्सिंग की काउंसलिंग 2024 मे प्रतिबंधित रहेगा अतः कैंडिडेट वही चॉइस को भरकर सबमिट करें जो वे अपनी स्वैच्छा से लेना चाहते हो और अपने अलॉटेड कॉलेज मे जाकर ज्वाइन भी करना चाहते हो।

कोटा दूध डेयरी के संचालक दुर्गा लाल की सदस्यता समाप्त

कोटा, (निसं)। कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक संघ सहकारी संघ लि. के संचालक दुर्गालाल को निलंबित कर दिया गया है। संचालक दुर्गालाल ने फर्जी मार्कशीट व संतान की संख्या का गलत शपथ पत्र संचालक मण्डल के सदस्य व चेयरमैन बनने हेतु पेश किया था। गौरतलब है कि जांवटीकला दुग्ध सहकारी संघ लि.के सदस्य कन्हैयालाल गुर्जर सहकारी सोसायटी अधिनियम की धारा-58 के तहत वाद प्रस्तुत करने पर अतिरिक्त रजिस्ट्रार सहकारी समिति कोटा ने गोविंद प्रसाद लड्ढा उप रजिस्ट्रार सहकारी समिति कोटा पंचनिर्णायक नियुक्त किया गया, उन्होंने दुर्गालाल को जांच में दोषी पाया और सदस्यता समाप्त की।

संचालक दुर्गा लाल द्वारा संचालक मण्डल एवं अध्यक्ष के पद हेतु भरे गये घोषणा पत्र मे अपने पुत्र-पुत्रियों की संख्या व नाम दोनो घोषणा पत्रों में अलग-अलग भरे गए, दुर्गालाल के चार संताने है जबकि उन्होंने दो संतान होने का प्रमाण पत्र भरा तथा अलग-2 संतानो की जानकारी संचालक व चेयरमैन हेतु भरे घोषणा पत्र में दी। साथ ही कक्षा 6 की मार्कशीट को फर्जी तरीके से 8वीं उत्तीर्ण मार्कशीट बनाकर नाम निर्देशन पत्र के साथ संलग्न कर दी। पंचनिर्णायक उप रजिस्ट्रार सहकारी समिति गोविंद प्रसाद लड्ढा ने जांच में पाया कि मार्कशीट कक्षा 6 की थी जिसे कक्षा 8वीं की बताकर पेश किया गया। राजकीय उच्च माध्य॰विद्यालय औंकारपुरा जिला बूंदी द्वारा भी 8वीं कक्षा कि अंक तालिका जारी नहीं होना बताया गया। गौरतलब है कि संचालक बनने हेतु न्यूनतम शिक्षण योग्यता कक्षा 8वीं होना अनिवार्य है। ऐसे में फर्जी मार्कशीट व संतानो की गलत सूचना व संख्या देने के आरोप में दोषी संचालक दुर्गालाल पुत्र चतरा दोषी पाया गया। पंचनिगर्णायक गोविंद लड्ढा ने अधिनियम 2001 की धारा 34 (2) के तहत कार्यवाही करते हुए संचालक मण्डल से सदस्यता समाप्त कर निलंबित कर दिया।

कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक संघ सहकारी संघ लि. के अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने बताया कि अतिरिक्त रजिस्ट्रार सहकारी समिति से प्राप्त पत्र व कार्यवाही को संघ स्वागत करता है। भ्रष्टाचारी एवं जालसाज सदस्यो के लिए संघ में कोई स्थान नहीं है। संघ भ्रष्टाचार व जालसाजी पर सख्त है, दुर्गालाल ने संघ की छवि को धूमिल किया है, संचालक बनने के लिए उन्होने फर्जी प्रमाण पत्र दाखिल है। संघ जल्द ही नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्यवाही करेगा।

दाधीच जयंति महोत्सव आज

कोटा, (निसं)। श्री महर्षि दधिचि जयंति महोत्सव को दाधीच समाजबंधु हर्षाउल्लस से मानायेंगे। श्री महर्षि दधिचि छात्रावास समिति, कोटा कोटड़ी नहर रोड़ स्थित छात्रावास भवन में दाधीच समाज के लोग एकत्रित होकर महादानी महर्षि को याद कर सामूहिक रूप से जयंति मनायेंगे। अध्यक्ष प्रदीप दाधीच ने बताया कि त्याग व दान की प्रतिमूर्ति देहदानी महर्षि दधिची की जयंति पर समाज बंधु विधिवत विद्वान पंडितों के द्वारा हवन, पूजन व अभिषेक प्रात 8 बजे करेंगे। इसके उपरान्त 9 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन होगा।

'शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सजगता से दायित्व निभाएं'

कोटा, (निसं) । संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को विधानसभा आम चुनाव 2023 के दृष्टिगत संभाग के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचन प्रकोष्ठ प्रभारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में संभागीय आयुक्त ने निर्देश दिए कि चारों जिलों में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए अधिकारी पूरी सजगता, सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना करते हुए समयबद्धता के साथ विभिन्न कार्यों का संपादन किया जाएं। संभागीय आयुक्त ने निर्देश दिए कि संवेदनशील, अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर सेक्टर ऑफिसर की निरंतर निगरानी रहे। मतदान में अनुपस्थित, स्थानान्तरित व मृत मतदाताओं की वास्तविक स्थितियों को जानकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए वातावरण निर्माण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि व्यय संवेदनशील पॉकेट्स पर अभी से नजर रखी जाए। शराब के भण्डारण और विक्रय स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे सुनिश्चित किए जाएं। ताकि शराब की आवक और निकासी पर निगरानी रहे। इसी तरह बैंकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित सीमा से अधिक राशि के ट्रांजेक्शन पर नजर रखी जाए। हर असामान्य गतिविधि पर नजर रहे, यदि मतदाताओं में किसी समस्या या मुद्दे को लेकर मतदान के विरोध या बहिष्कार की स्थिति सामने आए तो अविलम्ब स्थितियों को संभालते हुए मतदान के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार किया जाए। मतदान के लिए मतदाताओं को सहज स्थितियां मिले, यह भी सुनिश्चित किया जाए।

मतदान केन्द्र तक जाने वाले रास्ते, मतदान केन्द्र आम मतदाताओं के लिए सहज, सुलभ हों, यह ध्यान रखा जाए। दिव्यांग मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विशेष व्यवस्थाएं जैसे व्हील चेयर इत्यादि की सुविधा पहले से ही सुनिश्चित कर ली जाए। मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी, शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं समय रहते सुनिश्चित की जाए। संभागीय आयुक्त ने मतदाता जागरूकता के लिए किए जाने वाले कार्यक्रमों व गतिविधियों की भी समीक्षा करते हुऐं इनकी सराहना की और निर्देश दिए कि आरंभ में मतदाताओं को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने पर पूरा फोकस रखा जाए।

सिन्धु महिला सर्किल की रेणू अध्यक्ष एवं नीना सचिव

कोटा में सिंधु महिला सर्कल के चुनाव संपन्न हुए हैं।

कोटा, (निसं)। सिन्धु महिला सर्किल के चुनाव में सर्वसम्मति से रेणू चंचलानी को अध्यक्ष, नीना नाथानी सचिव, जया संतवानी संरक्षक, सपना हरिसिंधानी कोषाध्यक्ष, मीना दयानी को सहसचिव निर्विरोध घोषित किया गया।

इस अवसर पर भगवन्ती खूबचंदानी, जानकी ठाकुर, रीटा अजवानी एवं कविता अलरेजा को सलाहकार नियुक्त किया गया। इस मौके पर महिला सर्किल की सदस्याओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रेणू चंचलानी ने कहा सभी सदस्यों को साथ लेकर सामाजिक हित में सिन्धु सौशल सर्किल के साथ मिलकर सामाजिक कार्य करेंगे।

सचिव नीना नाथानी ने कहा वर्ष पर्यन्त आयोजित किये जाने वाले कार्य की रूपरेखा बनाकर नये सामाजिक हितार्थ एवं सास्कृतिक कार्य किये जायेंगे। सलाहकार भगवन्ती खूबचंदानी ने सभी सदस्यों का आभार जताया।

पुलिस पर फायरिंग कर भागे तस्कर

बारां (निसं)। एसपी राजकुमार चौधरी ने बताया कि एसएचओ सारथल महावीर किराड को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पातलापानी गांव की ओर से नया पुरा टावर की तरफ एक कार आ रही है, जिसमे अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिनेंद्र जैन व सीओ नेत्रपाल सिंह के निर्देशन में टीम गठित की गई। एसपी चौधरी ने बताया कि बताए गए स्थान पर जाते समय पाटलापानी गांव की तरफ से तेज गति से आ रही एक कार को एसएचओ महावीर किराड द्वारा टॉर्च दिखाकर रुकने का इशारा किया तो चालक पुलिस को बावर्दी देख भागने लगा। पीछा करने पर चालक के बांयी तरफ की सीट पर बैठे व्यक्ति ने पुलिस पर एक राउंड फायर किया। जिससे कांस्टेबल सुजान सिंह घायल होकर नीचे गिर गया। बलेनो का लगातार पीछे किया। करीब 100 मीटर दूर नयापुरा टावर के पास कार रोक कर अंदर बैठे व्यक्ति अंधेरे का सहारा लेकर भाग गए। कार की तलाशी में पीछे की तरफ 13 कट्टे रखे मिले। जिनमें कुल 241 किलो 300 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा भरा था। कार की बायीं सीट पर एक देशी कट्टा व एक कारतूस भी मिला।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2380 जाहिर आम सूचना दिनांक - 22.9.23

आवास संख्या 3-च-34 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री भगवान दास गुप्ता पुत्र श्री फूलचन्द गुप्ता को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री भगवान दास गुप्ता पुत्र श्री फूलचन्द गुप्ता के नाम दिनांक 03.06.1995 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। पंजीयन उपरांत श्री भगवान दास गुप्ता पुत्र श्री फूलचन्द गुप्ता द्वारा इस आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 27.09.1999 को श्री असीम श्रीवास्तव पुत्र श्री श्याम बिहारी लाल को मुख्तारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री असीम श्रीवास्तव पुत्र श्री श्याम बिहारी लाल द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 17.07.2023 को श्रीमती कृष्णा श्रीवास्तव पत्नी श्री समीर श्रीवास्तव को किया गया। श्रीमती कृष्णा श्रीवास्तव पत्नी श्री समीर श्रीवास्तव द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास के मंडल अभिलेख में अपना नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः इस आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती कृष्णा श्रीवास्तव पत्नी श्री समीर श्रीवास्तव का नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि इस आवास के मंडल अभिलेख में श्रीमती कृष्णा श्रीवास्तव पत्नी श्री समीर श्रीवास्तव का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में श्रीमती कृष्णा श्रीवास्तव पत्नी श्री समीर श्रीवास्तव का नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2361 जाहिर आम सूचना दिनांक - 21.9.23

व्यवसायिक भूखंड संख्या 6-सी-23 रंगबाड़ी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा नीलामी के अंतर्गत श्री रोहित सिंघवी पुत्र श्री महाराज सिंह सिंघवी को किया गया। इस व्यवसायिक भूखंड का पंजीयन श्री रोहित सिंघवी पुत्र श्री महाराज सिंह सिंघवी द्वारा दिनांक 16.12.2022 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। पंजीयन उपरांत श्री रोहित सिंघवी पुत्र श्री महाराज सिंह सिंघवी द्वारा उक्त व्यवसायिक भूखंड को दो भागों में विभाजन किए जाने के आवेदन पश्चात मंडल द्वारा जारी उप विभाजन आदेश दिनांक 13.01.2023 से उक्त भूखंड को एक भाग व्यवसायिक भूखंड संख्या 6-सी-23(ए) क्षेत्रफल 189.60 वर्गमीटर तथा दूसरा भाग व्यवसायिक भूखंड संख्या 6-सी-23(बी) क्षेत्रफल 110.00 वर्गमीटर के रुप में उप विभाजन किया गया। तत्पश्चात श्री रोहित सिंघवी पुत्र श्री महाराज सिंह सिंघवी द्वारा व्यवसायिक भूखंड संख्या 6-सी-23(ए) क्षेत्रफल 189.60 वर्गमीटर रंगबाड़ी का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 21.03.2023 को श्री गिरीश नागर पुत्र श्री हरि मोहन नागर को किया गया। श्री गिरीश नागर पुत्र श्री हरि मोहन नागर द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर व्यवसायिक भूखंड 6-सी-23(ए) रंगबाड़ी के मंडल अभिलेख में नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त व्यवसायिक भूखंड के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री गिरीश नागर पुत्र श्री हरि मोहन नागर का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त व्यवसायिक भूखंड के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री गिरीश नागर पुत्र श्री हरि मोहन नागर का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त व्यवसायिक भूखंड के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री गिरीश नागर पुत्र श्री हरि मोहन नागर के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2349 जाहिर आम सूचना दिनांक - 21.9.23

आवास संख्या 4-बी-13 दादाबाड़ी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री गोविन्द सद्दा पुत्र श्री माधव लाल सद्दा को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री गोबिन्द सद्दा पुत्र श्री माधव लाल सद्दा द्वारा दिनांक 30.09.1991 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री गोविन्द सद्दा पुत्र श्री माधव लाल सद्दा द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये बयनामा आलेखित कर दिनांक 24.10.1991 को श्रीमती राज राठौड़ पत्नी श्री महेन्द्र सिंह राठौड़ को किया गया। श्रीमती राज राठौड़ पत्नी श्री महेन्द्र सिंह राठौड़ द्वारा उक्त आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 02.05.1996 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्रीमती चन्द्र कान्ता पत्नी श्री सुभाष चन्द गम्भीर को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्रीमती चन्द्र कान्ता पत्नी श्री सुभाष चन्द गम्भीर द्वारा मुख्तार आम की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 26.11.1998 को श्री सुभाष चन्द गम्भीर पुत्र श्री बाल किशन को किया गया। श्री सुभाष चन्द गम्भीर पुत्र श्री बाल किशन द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास के मंडल अभिलेख में अपना नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त को विक्रय पत्र के आधार पर श्री सुभाष चन्द गम्भीर पुत्र श्री बाल किशन के नाम मंडल अभिलेख में दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री सुभाष चन्द गम्भीर पुत्र श्री बाल किशन का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री सुभाष चन्द गम्भीर पुत्र श्री बाल किशन के नाम मंडल अभिलेख में दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम बृजेश कुमार दाधीच (Brajesh Kumar dadhich) से बदलकर बृजेश दाधीच (brijesh dadhich) पुत्र पन्ना लाल दाधीच (panna Lal dadhich) रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए पता - डी 79 इंद्राविहार कोटा राज.

पर्यावरण स्वीकृत एवं आम सूचना

खनन पट्टा ऑनलाईन एम एल न. 12/2020 (रेफ्रेन्स नंबर 20201000022014) खनिज लाइम स्टोन (डायमेन्शन) निकट ग्राम आरोलिया एवं नेहरावद तहसील पचपहाड़ जिला झालावाड (राजस्थान) में खनन पट्टाधारी मैसर्स तुलसी स्टोन एण्ड मिनरल्स, पता-सीमेन्ट रोड नमक वालों की हवेली के पास बड़ा बाजार झालावाड़ (राज.) के पक्ष में राज्य स्तरीय पर्यावरण स्वीकृति पत्र संख्या F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/secett/project/cat. B1 (22529)/ 2021-22 Jaipur Dated 15.09.2023 को जयपुर से पर्यावरण स्वीकृति जारी की गई है। सर्वसाधारण सूचित होवें।

खनन पट्टाधारी
मैसर्स तुलसी स्टोन एंड मिनरल्स

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः-एफ-15/कृ.भू.रू./2023/883 विज्ञप्ति दिनांकः-22.9.2023

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रंगतालाब उर्फ कालातालाब में स्थित कृषि भूमि योजना लोको राम कालोनी में खसरा नं. 332, 343 स्थित भूखंड संख्या 06 आवेदक/आवेदिका श्रीमती सुमन लता गौड पत्नी श्री महावीर प्रसाद गौड निवासी 41 कनल रेजीडेन्सी झालावाड़ द्वारा पट्टा जारी करने हेतु पत्रावली प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज अनुसार खातेदार चन्द्रशेखर पुत्र श्री बसन्ती लाल द्वारा इकरारनामा दिनांक 11.02